प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

विभागाध्यक्ष, एफ0एम0टी0 विभाग,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

विदित हो कि जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर के मौखिक निर्देश के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में रात्रि में आपके विभाग में आपके अधीनस्थ किए गए सभी अन्त्य परीक्षण प्रतिवेदन (Post Mortem Report with Line List) अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, जिसमें जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर के आदेश की प्रति अप्राप्त है ।

साथ ही आपके विभाग में होने वाले सभी पोस्टमॉर्टम का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए । आपके द्वारा समर्पित किए जाने वाले Post Mortem Report with Line List में Post Mortem करने वाले चिकित्सक/शिक्षक का भी नाम अंकित किया जाए ।

विदित हो कि अधोहस्ताक्षरी के निर्देश के अनुपालन में वर्तमान तक आपके विभाग में कार्यरत किसी चिकित्सक/शिक्षक का Work Log Book अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित नही किया जाता है, जबकि सभी विभाग में कार्यरत पदाधिकारियो/कर्मचारियों का Work Log Book नियमित रूप से प्रेषित किया जाता है । अतएव आप अपने विभाग में कार्यरत पदाधिकारियो/कर्मचारियों का Work Log Book नियमित रूप से अधोहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित किया जाए ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1118/18 दिनांकः– 24-4-18

प्रतिलिपिः–

1) जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

3) सभी चिकित्सक/शिक्षक, एफ0एम0टी0 विभाग, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

24/4/18

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर